शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

13 वीं बैठक

दिनांक 04–06–2021 ,दिन शुक्रवार

आज दिनांक 04–06–2021 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की 13वीं बैठक प्राचार्य डॉ॰आर॰बी॰ सोनवानी जी की अध्यक्षता में दोपहर 03:00 बजे सेमिनार हाल में कोविड –19 की गाइडलाइन के अनुरूप सामाजिक दूरी के साथ आयोजित की गयी । बैठक की कार्यवाही विवरण इस प्रकार है ।

1 सर्वप्रथम प्राचार्य ने IQAC की इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये बैठक को प्रारम्भ किया । IQAC कोर्डिनेटर श्री विनीत कुमार गुप्त ने बिन्दुवार बैठक के एजेण्डा की जानकारी दी।

2 बैठक में पूर्व में प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा की गई और संतोष व्यक्त किया साथ ही अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्णय लिया ।

3 बैठक में कोविड–19 महामारी के कारण असमय अपना जीवन खोने वाले दिवंगत जनों को श्रद्धांजली अर्पित की गयी ।

4 चूँकि महाविद्यालय ने दिनाँक 02–06–2021 को नैक प्रत्यायन के लिए IIQA सबमिट कर दिया है। अतः अब नैक प्रत्यायन की तैयारी सुगठित ,व्यवस्थित और सन्तुलित हो ऐसा निर्णय लिया गया ।

5 नैक प्रत्यायन की समीक्षा समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया साथ ही सभी पूरा सहयोग करेगे इस आशय का संकल्प लिया गया ।

6 नैक प्रत्यायन के लिए आवश्यक प्रपत्रों और डाटा का उचित संधारण किया जाना आवश्यक है, के लिए आवश्यक उचित कदम उठाने का निर्णय लिया।

7 नैक प्रत्यायन के लिए वेबसाइट को अपडेट किया जाना आवश्यक है के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इसलिए सभी इसमें सहयोग करेंगें ऐसा निर्णय लिया गया ।

8 नैक प्रत्यायन के लिए अधोसंरचना में आवश्यक सुधार के लिए तेजगति से प्रयास किये जाने का निर्णय लिया गया ।

बैठक के अन्त में IQAC कोर्डिनेटर श्री विनीत कुमार गुप्त ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापन किया । बैठक में सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्प लिया । प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया ।

आज दिनांक 04.06.2021 की इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
5. श्री आशुतोष गुप्ता (पूर्व छात्र)
6. श्री मिथलेश कुमार (छात्र)
7. कुमारी सिमरन (छात्रा)

IQAC 04.06.2021
संयोजक

प्राचार्य
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753